**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

वास्तव में ग्राम्य जीवन बड़ा ही मधुर तथा सरल होता है। प्रकृति की सुरम्य गोद में बसे हुए गाँव प्रकृति के अवयव जैसे ही प्रतीत होते हैं। अपने चारों ओर के मीलों तक विस्तृत मैदान में ग्रामीण खेती करते हैं। उनका जीवन सच्चा, सादा और सरल होता है, जो प्रकृति के अनुरूप चलता है, जिसमें न किसी प्रकार की कृत्रिमता दिखाई पड़ती है और न ही पाखण्ड। वे सीधे–सादे होते हैं। परस्पर प्रेम से रहते हैं। द्वेष से तो वे इतने अनभिज्ञ होते हैं कि उनके जीवन में द्वेष का कोई स्थान ही नहीं होता। सादा भोजन, सादे वस्त्र तथा सादा रहन–सहन ही उनकी दिनचर्या होती है।

गाँवों में जिधर देखो प्राकृतिक सौन्दर्य बिखरा दिखाई पड़ता है। वर्षा में लहलहाते खेतों को देखकर हृदय पुलकित हो उठता है। जो प्राणदायक स्वच्छ पवन नगर से कोसों दूर होती है वह शीतल, मन्द, सुगन्धित पवन भोले–भाले ग्रामवासियों को प्राप्त होती है।

गाँवों में भोले–भाले किसानों के मूक बच्चे रूखी–सूखी रोटियाँ खाकर ही स्वादिष्ट भोजन का–सा रसास्वादन करते हैं। ग्रामों का किसान अपनी और अपने बच्चों की चिन्ता न कर दूसरों के लिए अन्न आदि उपकरण जुटाता है। उसका त्याग कितना महान है।

मगर ग्राम्य–जीवन में अनेक दोष हैं। ग्रामों में दरिद्रता का बोलबाला रहता है। हालांकि ग्रामीण सम्पूर्ण आवश्यक पदार्थों को उत्पन्न करते हैं मगर वे स्वयं उन पदार्थों का उपभोग नहीं कर सकते। वे ऋण के बोझ से दबे रहते हैं। वहाँ शिक्षा भी अधूरी रहती है। अशिक्षा उनकी दरिद्रता का कारण बन जाती है। दरिद्रता और अशिक्षा उन्हें अपंग बना देती है।

आमोद–प्रमोद के साधनों का तो गाँवों में अभाव रहता है। दिन भर मशीन की तरह जुटे रहने पर भी ग्रामीणों को सीमित मनोरंजन के साधन उपलब्ध होते हैं। वैज्ञानिक आविष्कार मनोरंजन के साधन प्रस्तुत करने में अधिकांश रूप में सफल हुए हैं, लेकिन बेचारे ग्रामीण तो उन आविष्कारों के बारे में जानते भी नहीं।

यदि गाँव में विद्या का प्रसार हो जाए तो वह स्वर्गोपम बन जाए। ग्राम ही

haps he might be her real son who has come back from the jungle where the tiger had taken him. So she said, "Nathoo, O Nathoo!" Mowgli did not show that he knew the name. "Do you remember the day I gave you your new shoes?" She touched his foot and it was almost as hard as horn. "No", she said sorrowfully, "those feet have never worn shoes, but you are very much like my Nathoo, and you shall be my son."

Mowgli was uneasy because he had never been under a roof before. As he looked at the thatch and the windows without any fastenings he knew that he could get away easily if he wanted to.

## 42

January 8 was the opening day of the new term at Delhi University's 48 colleges. On a bright and clear morning we paid a visit to Miranda House, one of 11 colleges for women only, situated about ten miles from India Gate. The building is low and red-toned, surrounded by lawns and sheltered by an abundance of trees, under which girls sat and chatted, "free to engage in activities where they are not dominated by boys", as their principal, Miss Janaki pointed out.

According to Prabhakar it is due to Gandhi's efforts that the position of women in India is changing. The most striking change in the last hundred years has been in the education of women. "Now women coming from the villages to the cities take up professions such as nursing or teaching, and this is a big step towards modernisation." As a result women's colleges in Delhi are increasing.

## भाग-2

**अब द्वितीय अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

शहर में पैदा हुए, पले और बड़े हुए व्यक्ति के लिए शहर की भीड़–भाड़ और लोगों का शोरगुल शक्ति देने वाले रसायन के समान है। इससे वह अनेक लोगों के संपर्क में आता है और उसका मन मानवीय मैत्रीभाव से भर जाता है। वह हमेशा उत्साहपूर्ण रहता है और खुश रहता है। प्रत्येक दिन उसके लिए नई समस्याएँ और उलझनें लेकर आता है और इनके समाधान के लिए उसे अपनी सारी शक्ति लगानी होती है। उसका जीवन साहसपूर्ण जोखिमों, नवीनता और हर समय अप्रत्याशित घटनाओं से भरा होता है।

शहरी जीवन का अपना ही विशेष स्वरूप होता है। सवेरे उठते ही फेरी वाले गलियों में शोर मचाने लगते हैं और मोटर गाड़ियों के भोंपू की आवाज़ सुनाई देने लगती हैं। जैसे–जैसे दिन चढ़ता जाता है ये शोर और भाग–दौड़ बढ़ती जाती है। दोपहर के समय कुछ घंटों के लिए घरों के आस–पास कुछ शांति प्रतीत होती है। दोपहर के बाद फिर वही शोरगुल होने लगता है। शाम के समय मोटरों–कारों के भोंपू फिर गलियों और सड़कों में गूँजने लगते हैं। दुकानें सौदा लेने वाले स्त्री–पुरुषों से भर जाती हैं। सिनेमाघर मनोरंजन करने के लिए निकले लोगों से भर जाते हैं। इसके बाद यह भागा–दौड़ी धीरे–धीरे कम होती जाती है और रात के अंधेरे में समा जाती है।

शहरी जीवन में घरों में अधिकांश घुटन रहती है। भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में स्वच्छ पवन और प्राकृतिक प्रकाश के अभाव में वातावरण बहुत अस्वस्थ होता है। गन्दगी, धूल और घुटन–ये सब होते हुए भी लोगों की शहरों में रहने की इच्छा होना एक आश्चर्यजनक बात है।

शहरों को पसन्द करने के कई कारण हैं। नगर बहुत से लोगों की जीविका के साधन हैं और इसकी सभी बुराइयों के बावजूद उनकी मजबूरी उन्हें यहाँ पर रखती है। हज़ारों व्यवसायों के नगर केंद्र हैं। नगर ही सांस्कृतिक तथा राजनैतिक गतिविधियों के केंद्र हैं। यहाँ पर आधुनिक जीवन की वे सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं जो हमारे गाँवों में उपलब्ध नहीं हैं। शहरों में प्रत्येक रुचि और स्वभाव के लोगों के लिए काम है। यहाँ पर कोई भी व्यक्ति अपने आप को उदास और निरुत्साहित नहीं समझता। इन्हीं कारणों से वह व्यक्ति जो शहर को पसंद नहीं करता वह भी शहर की ओर खिंचा आता है।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर, अनुच्छेद के वाक्यों की नकल न करके, अपने शब्दों में दीजिए।**

किसी देश की उन्नति का एकमात्र उपाय है। गाँव की उन्नति ही देश की उन्नति होती है।

1. नीचे दी गई प्रत्येक परिभाषा के लिए, उपरोक्त अनुच्छेद से उन शब्दों या उक्तियों को लिखिए जिनसे उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए।
   *उदाहरण : बहुत सुन्दर (Para 1)*
   *उत्तर : सुरम्य*
   (a) आपस में, एक दूसरे के साथ (Para 1) [1]
   (b) दिन भर का काम धंधा (Para 1) [1]
   (c) जीवन देने वाली (Para 2) [1]
   (d) जो बोल नहीं सकता (Para 3) [1]
   (e) किसी पदार्थ के व्यवहार का सुख (Para 4) [1]
   (पूर्णांक : 5)

2. निम्नलिखित प्रत्येक शब्द/उक्ति का प्रयोग करके अपने शब्दो में ऐसे वाक्य बनाइए जिससे उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए।
   *उदाहरण : हवा*
   *आज ठण्डी हवा बह रही है।*
   (a) विस्तृत (Para 1) [1]
   (b) पुलकित (Para 2) [1]
   (c) उपकरण (Para 3) [1]
   (d) दरिद्रता (Para 4) [1]
   (e) उपलब्ध (Para 5) [1]
   (पूर्णांक : 5)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर, अनुच्छेद के वाक्यों की नकल न करके, अपने शब्दों में दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के अंत में अंकों की संख्या दी गई है। इसके अतिरिक्त आपके उत्तरों की भाषा और शैली के लिए 5 अंक निर्धारित किए गए हैं। (पूर्णांक : 15 + 5 = 20)
   (a) ग्रामीण लोगों के किन्हीं चार गुणों का उल्लेख कीजिए। [4]
   (b) किसान के त्याग को महान क्यों कहा गया है? [3]
   (c) 'दरिद्रता और अशिक्षा उन्हें अपंग बना देती है।' इस वाक्य से आप क्या समझते हैं। [3]
   (d) क्यों मनोरंजन के सीमित साधन ही ग्रामीणों को प्राप्त होते हैं? [3]
   (e) गाँवों में विद्या प्रसार और देश की उन्नति का सम्बंध कैसे जोड़ सकते हैं? [2]

## भाग–1

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

ग्लोबल वार्मिंग या वैश्विक तापमान बढ़ने का मतलब है कि पृथ्वी लगातार गर्म होती जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में सूखा बढ़ेगा, बाढ़ की घटनाएँ बढ़ेंगी और मौसम का मिज़ाज बुरी तरह बिगड़ा हुआ दिखेगा। इसका असर दिखने भी लगा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं और रेगिस्तान पसरते जा रहे हैं। कहीं असामान्य बारिश हो रही है तो कहीं असमय ओले पड़ रहे हैं। कहीं सूखा है तो कहीं नमी कम नहीं हो रही है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इस परिवर्तन के पीछे ग्रीन हाउस गैसों की मुख्य भूमिका है। जिन्हें सीएफसी या क्लोरी फ्लोरो कार्बन भी कहते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि ये गैसें वातावरण में बढ़ती जा रही हैं और इससे ओज़ोन परत के छेद का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। ओज़ोन की परत ही सूरज और पृथ्वी के बीच एक कवच की तरह है। ग्लोबल वार्मिंग के मुख्य कारण तेज़ी से हुआ औद्योगीकरण है, जंगलों का तेज़ी से कम होना है, पैट्रोलियम पदार्थों के धुएँ से होने वाला प्रदूषण है और फ्रिज, एयरकंडीशनर आदि का बढ़ता प्रयोग भी है।

वैज्ञानिक कहते हैं कि इस समय दुनिया का औसत तापमान 15 डिग्री सेंटीग्रेड है और वर्ष 2100 तक इसमें डेढ़ से छह डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। एक चेतावनी यह भी है कि यदि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन तत्काल बहुत कम कर दिया जाए तो भी तापमान में बढ़ोत्तरी तत्काल रुकने की संभावना नहीं है।

वैज्ञानिकों और पर्यावरणविज्ञों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए मुख्य रूप से सीएफसी गैसों का उत्सर्जन रोकना होगा और इसके लिए फ्रिज, एयरकंडीशनर और दूसरी कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसी मशीनों का उपयोग करना होगा जिनसे सीएफसी गैसें कम निकलती हैं।

औद्योगिक इकाइयों की चिमनियों से निकलने वाला धुआँ हानिकारक है और इनसे निकलने वाली कार्बन डाईऑक्साइड गर्मी बढ़ाती है। इन इकाइयों में प्रदूषण रोकने के उपाय करने होंगे। वाहनों में से निकलने वाले धुएँ का प्रभाव

(प्रत्येक प्रश्न के अंत में अंकों की संख्या दी गई है। इसके अतिरिक्त आपके उत्तरों की भाषा और शैली के लिए 5 अंक निर्धारित किए गए हैं। पूर्णांक : 15 + 5 = 20)

(a) रेखांकित वाक्य का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [3]

(b) शहर में शाम के समय का एक दृश्य बताइए। [3]

(c) शहर की कुछ बुराइयों पर प्रकाश डालिए। [3]

(d) शहरों में रहने की इच्छा एक आश्चर्यजनक बात क्यों है? [3]

(e) ऐसी क्या मजबूरी है कि शहर को पसंद न करते हुए भी लोग शहरों की ओर खिंचे जाते हैं? [3]

5. (a) उपरोक्त दो अनुच्छेदों के आधार पर ग्रामीण जीवन तथा शहरी जीवन में तुलना कीजिए। [10]

(b) कारण सहित बताइए कि आप शहर में रहना पसंद करते हैं या गाँव में? [5]

दोनों प्रश्नों के उत्तर [5(a), (b)] 140 शब्दों की सीमा तक ही रखिए।

[भाषा और शैली : 5]

[पूर्णांक : 20]